भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधि कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 315

जिसका उत्तर बुधवार, 3 फरवरी, 2021 को दिया जाना है

पुनर्विचार याचिकाएं

315. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उच्चतम न्यायालय में दायर पुनर्विचार याचिकाओं और क्यूरेटिव याचिकाओं की संख्या का रिकार्ड रखती है ; और

(ख) यदि हाँ, तो गत दस वर्षों के दौरान स्वीकार की गई और खारिज कर दी गई पुनर्विचार याचिकाओं और क्यूरेटिव याचिकाओं की संख्या सहित एक पुनर्विचार याचिका और एक क्यूरेटिव याचिका की सुनवाई में लगा औसत समय क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) : जी नहीं ।

(ख) : भारत के उच्चतम न्यायालय ने सूचित किया है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान अर्थात् वर्ष 2011 से वर्ष 2020 तक निम्नलिखित पुनर्विचार याचिकाएं और उपचारात्मक याचिकाएं खारिज की गईं थीं ।

मामले का प्रकार	**पिछले 10 वर्षों में खारिज किए गए मामले**
पुनर्विचार याचिका (सि)	19710
पुनर्विचार याचिका (दा.)	6087
उपचारात्मक याचिका (सि)	2155
उपचारात्मक याचिका (दा.)	620

उच्चतम न्यायालय ने इसके अतिरिक्त सूचित किया है कि दाखिल की गई याचिकाओं की संख्या तथा किसी पुनर्विचार याचिका और उपचारात्मक याचिका की सुनवाई में लगे औसत समय को अनुरक्षित नहीं किया जाता है ।

****